न्यायालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बरही, हजारीबाग।

2

वाद सं0–144 / 2021 **धारा–144 दं0प्र0सं0**

अरूण चौधरी –बनाम– साधु चौधरी वगै0

तारीख	–:आदेश:–	अभियुक्ति

आवेदक के आवेदन के आधार पर वाद कि कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए उभय पक्षों को नोटिस निर्गत करते हुए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने एवं कारण पृच्छा दाखिल करने हेतु निर्देशित किया गया,जिसके पश्चात उभय पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए एवं मौजा मानगो थाना चलकुशा जिला हजारीबाग के खाता सं0 50 प्लॉट सं0 304 रकवा 0.20 ए0 जिसकी चौहदी उ0–अनुप चौधरी ,द0–रास्ता नीज,पू0–जी0एम0 खाता 13,प0–नीज एवं खाता सं0 52 प्लाट सं0 304 रकवा 0.16 ए0 जिसकी चौहदी उ0–नीज द0–नेमा चौधरी,पू0–बोधो चौधरी,प0–प्रथम पक्ष वाली भूमि पर धारा 144 द0प्र0सं0 के तहत कार्यवाही प्रारंभ करते हुए पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर उनसे अपना–अपना कारण पृच्छा एवं भूमि संबंधी कागजात माग की गयी।

नोटिस प्राप्ति के पश्चात पक्षकार न्यायालय में उपस्थित हुए तथा अपना–अपना कारण पृच्छा दाखिल कर अपना पक्ष रखा।

विवादी भूमि का ब्यौरा इस प्रकार है :–

मौजा–मानगो, थाना–चलकुशा, जिला–हजारीबाग।

खाता नं0	प्लौट नं0	रकबा	चौहदी
50	304 / 597	0.20 ए0 मधे 0. 14 ए0	उ0–अनुप चौधरी द0–रास्ता नीज पू0– जी0एम0 खाता 13 प0–नीज
52	304	0.16 ए0	उ0–नीज द0–नेमा चौधरी पू0– बोधो चौधरी प0– प्रथम पक्ष

उभय पक्षों के विज्ञ अधिवक्ता को सूना। प्रथम पक्ष के आवेदन एवं द्वितीय पक्ष के कारणपृच्छा, उभय पक्षों के दाखिल कागजात एव अधिवक्ताओं के दलील से स्पष्ट है कि प्रश्नगत भूमि पर उभय पक्ष अपने–अपने स्वत्व के आधार पर दखल कब्जा का दावा कर रहे है। जो दं0प्र0सं0–144 के अन्तर्गत वाद का निपटारा किया जाना संभव नहीं है।

उभय पक्षों को शांति व्यवस्था बनाये रखने के निदेश के साथ वाद की कार्रवाई बिना किसी बाध्यकारी आदेश के समाप्त की जाती है। उभय पक्ष अपने–अपने कागजातो के आधार पर अपने–अपने भूमि का स्वत्व (title) एवं दखल कब्जा प्राप्त करने हेतु सक्षम न्यायालय, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में अपना वाद दाखिल करने को स्वतंत्र है।

अतः वाद की कार्यवाही बिना किसी प्रभावी आदेश के समाप्त किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित

18/11/21

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
बरही, हजारीबाग

18/11/21

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
बरही, हजारीबाग

Digitally signed by POONAM KUJUR
Date: 2023.02.08 23:55:45 +05:30
Location: 192.168.101.22